Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

१०५

अप्रकाशित-राग

प्रथमभाग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अप्रकाशित राग

(प्रथम भाग)

★

लेखक

ज० दे० पत्की, बी० ए०

प्रकाशक

संगीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अप्रकाशित राग

(प्रथम भाग)

लेखक

ज० दे० पत्की, बी० ए०

©

प्रकाशक

संगीत कार्यालय, हाथरस

पंचम संस्करण

मार्च १९६५

मूल्य

२)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

APRAKASHIT RAG
Part I

Written by :
J. D. Patki B. A.

Publisher :
L. N. Garg
SANGEET KARYALAYA,
HATHRAS. (India)

March. 1965.

Price Rs. 2/-

Printed at :
SANGEET PRESS,
HATHRAS. (India)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



'चतुर'
के
चरणों में

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग परिचय

राग	गीत संख्या	पृष्ठ	राग	गीत संख्या	पृष्ठ
१ मारुबिहाग	६	६	१२ गौरांजनी	४	५७
२ वैजयंती	४	१६	१३ दीपक	३	६२
३ श्यामकल्याण	१	२१	१४ मालिन	३	६६
४ रसचन्द्र	४	२२	१५ भटियार	३	७०
५ नन्द	४	२७	१६ धन्यधैवत	३	७५
६ लाजवन्ती	४	३३	१७ जोग	३	७६
७ चन्द्रिका	३	३८	१८ आभोगी (कानड़ा)	२	८४
८ रसरञ्जनी	१	४३	१९ रेवती (कानड़ा)	३	८७
९ भवानी	३	४४	२० शिवरंजनी	५	९२
१० नागस्वरावली	२	४६	२१ शोभावरी	४	९७
११ रेवा	४	५२	२२ चन्द्रकौंस	४	१०२

कुल गीत संख्या=७३

चिह्न-परिचय

(१) स़=मन्द्र षड्ज। सां=तार षड्ज। सा=मध्य षड्ज।

(२) मं=तीव्र मध्यम। म=शुद्ध मध्यम। निधगरे=कोमल स्वर। निधगरे=शुद्ध स्वर।

(३) धप, निधप, निधपम, धनिसांनिधपमऽ एक मात्रा के स्वर।

(४) ग (ऊपर म)=गांधार को मध्यम का कण। ग ऽ ऽ (ऊपर म म)=गंधार का मध्यम तक आंदोलन। (प)=कंप (धपमप)। सांऽप अथवा सांऽऽप=सां से पंचम तक मींड। प ऽऽ (ऊपर ग)=पंचम को ग की ओर खींचना।

(५) सा ऽ अथवा सा-एक मात्रा का ठहराव। *=लुप्त मात्रा।

(६) × सम, ० ख़ाली, । ताली।

ताल-परिचय

[१] त्रिताल [२] झपताल (विलंबित और मध्य में) [३] एकताल (विलंबित तथा जलद) [४] चौताल [५] तिलवाड़ा [६] झूमरा [७] सुरफाक्ता [८] तीव्रा [९] चन्द्रक्रीड़ा।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग्रन्थ परिचय

प्रथमं शारदां वन्दे चतुरं तदनन्तरम्।
दिगंबरसुतं चैव स्वर–शास्त्रकलाप्तये॥

"अप्रकाशित राग" के इन ३ परिचय के क्रमिक पुस्तकमाला में ऐसे ६८ रागों का शास्त्राधार, तुलनात्मक परिचय, बढ़त पद्धति का स्वरविस्तार, रागवाचक आरोहावरोह तथा सुगम स्वरलिपि सहित प्रचलित और अप्रचलित तालों में लगभग २०७ नाद मधुर, लालित्यपूर्ण गीत दिये हैं, जो महफिल में अक्सर गाये जाते हैं किन्तु ग्रन्थ रूप में अभी तक कहीं भी प्रकाशित नहीं हुए! उस्ताद फैयाज़खां, गुरुवर्य विनायकबोवा पटवर्धन, पं० ओंकारनाथ जी, स्व० रामकृष्ण-बुआ वझे, श्री सवाई गन्धर्व, श्री नारायणराव व्यास, श्रीमती रोशन-आरा बेगम, श्रीमती गांधारी हंगल, उस्ताद निसार हुसेनखां साहब, श्री रातांजन्कर साहब, पं० रविशंकर, उस्ताद विलायतखां इत्यादि संगीत के सितारों द्वारा नये-नये ढङ्ग के राग प्रचार में आये हैं। प्रस्तुत पुस्तकों में इन जैसे रागों का ही संग्रह है।

प्रथम संस्कृत, हिन्दी, मराठी में श्लोकबद्ध लक्षण देकर बाद में उनका शास्त्रीय परिचय दिया है। शास्त्रीय परिचय देते समय समप्रकृतिक रागों की तुलनात्मक चर्चा भी की है, इससे पाठक इन रागों से अपना राग कहां और कैसे बचायें, यह ठीक समझ सकेंगे। राग का विवरण ठाठ पद्धत्यनुसार दिया है, किन्तु जहां अनिवार्य है वहां रागांग पद्धति का भी उपयोग किया है। राग का आरोहावरोह भी इस प्रकार दिया है कि जिससे राग का सम्पूर्ण चलन, अङ्ग, प्रत्यंग तथा राग का वैशिष्ट्य पाठक तुरन्त समझ जांय। गीतों का चुनाव करते समय भी शब्दलालित्य, समयानुकूलता, रसपरिपोषण, तालदृष्ट्या विभिन्नता तथा गीत के भाव पर विशेष ध्यान दिया गया है।

हर एक राग में एक-एक लक्षणगीत देकर स्वर, शब्द और शास्त्र का मिलान करने का प्रयत्न किया है। अन्त में कुछ मिश्र राग भी दिये हैं, जैसे—सागर, पटबहार, आसाकली आदि।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

त्रिताल, झपताल, एकताल, आडाचौताल, चौताल, रूपक, अद्धा, तीव्रा, सुरफाक्ता आदि प्रचलित तथा मीनाक्षी, प्रभाकर, गजझंपा, झूमरा इत्यादि अप्रचलित तालों में भी छोटे-बड़े खयाल में गीत दिए हैं। अर्थात् विस्तार-भय से अप्रचलित तालों की संख्या प्रचलित तालों से कम प्रमाण में ही है। प्रायः गम्भीर तथा सन्धिप्रकाश रागों के ही विलम्बित भिन्न-भिन्न विलम्बित तालों में दिए हैं, क्योंकि हमारे मत से हलके तथा चंचल शृंगारिक रागों में विलम्बितों की रक्तिहानि होती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में इस प्रकार की स्वरलिपियाँ दी हैं, जो किसी भी शैली के अभ्यासी को समझने में कठिन न हों। इस प्रकार की स्वरलिपि की विशेषता यह भी है कि इससे मुद्रण में अधिक सुविधा रहती है।

हो सकता है कि प्रस्तुत राग 'अप्रकाशित' होने के कारण उनमें मतान्तर हों, जैसे कि आज भी पूर्ण परिचित अनेक रागों में काफी मतभेद हैं। अतः पाठक एक बात जरूर ध्यान में रखें कि लेखक को जिस स्वरूप में प्रस्तुत राग मिले, उसी स्वरूप में वे पाठकों के सामने रखे गए हैं। अतः यही आशा है कि भिन्न मतावलम्बी जिस राग को उपयोगी समझेंगे, उससे लाभ उठाएँगे।

—लेखक

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अप्रकाशित राग

(प्रथम भाग)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मारुबिहाग

(संस्कृत) मगौ रिसौ निसौ मश्च मुख्यांगे मुक्तमध्यमः ।
गांशे 'मारुविहागे' तु द्वि-मे चावरिरोहणम् ॥

(हिन्दी) मध्यम दो तीवर सभी चढ़त न रिध सुर लाग ।
गनि वादी सम्वादि तें सोहत 'मारु-बिहाग' ॥

(मराठी) मारु-बिहागीं शोभत द्वय मध्यम सर्व शुद्ध इतर स्वर ।
गनि सम्वादन सुमधुर, रजनीचा शोभला प्रथम प्रहर ॥

मारुविहाग एक अभिनव संशोधन है। यह कल्याण ठाठ से निकला है, किन्तु बिहाग अंग से गाया जाता है। अतएव इसके आरोह में ऋषभ, धैवत वर्ज्य हैं। अवरोह सरल तथा सम्पूर्ण है। तीव्र मध्यम आरोह अवरोह में सरल लिया जाता है, इससे शुद्ध बिहाग इस राग से बिलकुल अलग रहता है। शुद्ध मध्यम भी क्वचित् निसामSS इस प्रकार मुक्त रूप में लिया जाता है। इससे इस राग का वैचित्र्य कुछ और ही बढ़ता है। क्वचित् प, मं, म, ग इस प्रकार लगातार दो मध्यम भी अवरोह में दिखाए जाते हैं। किंवदन्ती है कि बम्बई के प्रसिद्ध स्वर्गीय उस्ताद अल्लादियाखाँ साहब ने इस राग की रचना की। मारवा अथवा मारु राग से इसका कुछ सम्बन्ध नहीं।

मं म रे

मारु तो बिलावल मेलज राग है। मं, ग, रे, सा स्वरमाला मारु-बिहाग में बहुत ही आकर्षक है। वादी गांधार, सम्वादी निषाद, समय सायंकाल। जाति औडव-सम्पूर्ण। राग का मुख्यांगः—मंग, मंग मंगरेसा, निसामSS।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आरोहावरोहः—प़नि़साग, मंप, निसां। निरेंनिधऽप, मंग, मंग, मं,
म ग रे
ग, रे, सा, नि़सामऽऽ।

स्वरविस्तारः—सा, नि़सा, प़नि़, प़नि़प़नि़, प़नि़, सा। प़नि़, प़नि़, धप़नि़, रेसानि़, मंगरेसानि़, प़नि़प़नि़सा। नि़रेनि़ध़, प़, ध़प़, ग़मंप़नि़, प़नि़सा। नि़साग, मंग, मंग, मं, ग, रे, सा, नि़साग, प़नि़साग, मंग, मं, ग, रे, सा, प़नि़सामंग, रे, सा। नि़साम, ग, नि़सानि़म, ग, मंग, मंग, रे, सा। नि़सागमं पगमंपऽऽ, (प)ऽमंग, मंग(प)ऽमंग, गमप गमं धपऽमंग, गमंपनिधपऽमंग, गमंपनिधप, मंनिधप, निधप, मंग, (प)ऽमंम ग, मंग, मंग, मं, ग, रे, सा; रेसानि़सा म, ग। गमंपनि, मंपनि, निधपमंगरेसानि़, सागमंपनिऽ, गमंपनिऽ, पनिपनिऽपनिऽसांऽऽ। निसां गं, मंगं, मंगं, मंगंरें, सां, पनिसांमं, गं, मंगंरेंसां। निरें, निध, प, मं, म, ग, गनि, ध, प, मं, म, ग। प, मं, म, ग, मंग, मंग, मं, ग, रेसा, नि़सामऽऽ।

१—मारु-विहाग—चौताल

गुरु दयाल आयो शरण, बार-बार परत दास।
तुमरे शुभ कमल चरण ॥ ध्रु० ॥
दीजे स्वर ज्ञान पूर्ण। सुध कर सुर कंठ बरन।
तुमरो 'चतुर' करूँ सुमिरन ॥

×		०		२		०		३		४	
										ग	रे
प़	नि़	सा	म	—	ग	गमं	पमं	ग	मंग	रे	सा
गु	रु	द	या	ऽ	ल	आऽ	ऽऽ	यो	शऽ	र	ण

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि़ –	सा ^ग^रे	– रे	सा रे	सा सा	ग ग
बा ऽ	र बा	ऽ र	प र	त दा	ऽ स

स्म ग	साग मंप	गमं प	मंप निध	पमं गरे	मंग रेसा
तु म	रे– ––	शुऽ भ	कऽ मऽ	लऽ चऽ	रऽ णऽ

प –	सां –	सां सां	सां –	रें सां	– सां
दी ऽ	जे ऽ	स्व र	ज्ञा ऽ	न पू	ऽ र्ण

सां गं	गं मंगं	रें सां	रें रें	रें गंरें	सां निसां
सु ध	क रऽ	सु र	कं ऽ	ठ ऽब	र नऽ

नि रें	नि ध	प मं	गमं पमं	ग मंग	रे सा
तु म	रो च	तु र	कऽ रूँऽ	सु मिऽ	र न

२—मारु-बिहाग—ख्याल-एकताल

बनरा मोरा आयो सखि प्यारा ॥ ध्रु० ॥
छैल छबीला ब्याहन आया, सोहे मोतीलरा माला ॥

३	४	×	०
^ग^साग गमंगरे	सा –सागमंपगमं	प– ––	–गमंपनि धप–
बन राऽऽऽ	ऽ ऽऽऽऽऽमोऽ	राऽ ऽऽ	ऽआऽऽऽ योऽऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

२		०		३		४	
(प)-,	मंम	ग-	मंग	रे-	सा-	--मं	पसां-सां
ऽ	सखि	ऽ	प्याऽ	ऽ	राऽ	ऽऽछै	ऽलऽछ

×		०		२		०	
रेंसां	-	सां-	--	सां-	निरें	गंमं	गंरें
बीऽ	ऽ	लाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ब्या	हुन	आऽ

३		४		×		०	
सां-	-	निरें	(सां)	-	-	निरें	निध
याऽ	ऽ	सोऽ	हे	ऽ	ऽ	म।ऽ	तील

२		०		३		४		×
(प)	-	मंम	ग-	मंग	रे-	सा--सा	गसागमंपगमं	प-
राऽ	ऽ	माऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	लाऽऽब	नराऽऽऽमेऽ	राऽ

३—मारुबिहाग—झपताल

रानी राधिका करत, मोहन सों बात,
मधुबन में चल कान्ह, आई मधुर-मधु-रात ॥ध्रु०॥
खेलन को होरि सब आईं ब्रिज-नारी,
भरि रंग पिचकारी। करि रंग की बरसात ॥

०		३			×		२		
ग सा	ग	सासाग	मंप	गमं	प	-	ग मंग	रे रे	सा
रा	नी	ऽराऽ	ऽऽ	धिऽ	का	ऽ	कुऽ	र	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प़	नि़	सा	रे	रे	रे	–	मग	रे	सा
मो	ऽ	ह	ऽ	न	सों	ऽ	बाऽ	ऽ	त
ग नि़	सा	सा	म	ग	प	गर्म	प	–	प
म	धु	ब	न	में	च	लऽ	का	ऽ	न्ह
नि	रें	ध	नि	प	म	ग	र्मग	रे	सा
आ	ई	म	धु	र	म	धु	राऽ	ऽ	त
ग	र्म	प	नि	नि	नि सां	–	रें	सां	सां
खे	ऽ	ल	ऽ	न	को	ऽ	हो	ऽ	रि
प	नि	सां	रें	रें	र्मंगं	र्मंगं	मंगं	रें	सां
स	ब	आ	ऽ	ई	ब्रिऽ	जऽ	नाऽ	ऽ	रि
नि	सां	सां	मं	गं	पं	र्मं	गं	रें	सां
भ	रि	रं	ऽ	ग	पि	च	का	ऽ	रि
नि	रें	नि	ध	प	र्म	ग	गर्मग	रे	सा
क	रि	रं	ग	कि	व	र	साऽऽ	ऽ	त

४. मारुविहाग—त्रिताल

सखि, बीन बजावे मोहन, रस की भरी गावे तान ॥ध्रु०॥
कुंडल की हलचलन मधुर। जियरा लुभावे मन माने न ॥

			मंग
३	×	२	० सऽ

			ग रे
गरे सा नि् सा	म – – ग	गमं पमं गमं पमं	ग रे सा सा
खिऽ बी न ब	जा ऽ ऽ ऽ	वेऽ ऽ मऽ नऽ	मो ह न र

			मं
ग साग मप गमं	प – – –	निरें गरें सांनि धप	पमं गरे सा प
स कीऽ ऽ भऽ	री ऽ ऽ ऽ	गाऽ ऽ वेऽ ऽ	ताऽ ऽ न कुं

– सां – सां	सां – – सां	सां सां गं मं	मंगं रें सां नि
ऽ ड ऽ ल	की ऽ ऽ ह	ल च ल न	मऽ धु र जि

			ग रे
रें नि – ध	प – पध पमं	ग मं गमं पमं	ग रे सा
य रा ऽ लु	भा ऽ वेऽ ऽ	म न माऽ ऽ	ने ऽ न

५—मारु-बिहाग--अद्धा

नैना बसी छबि तोरी प्यारी–
रटना लगी गिरधारी मुरारी ॥धृ०॥
जबसे गए मोरी सुध हुँ न लीन्ही,
बिसरत नाहीं नाहीं घरी -री ॥

			सा
३	×	२	० नैं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग साग मंप गमं	प – – धप	मं पमं ग मंग	ग रे – सा रे
ऽ नाँऽ ऽ बऽ	सी ऽ ऽ छुऽ	बि तोऽ ऽ रीऽ	प्या ऽ री र
सा रेसा नि़ सा	म ग मं प	निध सांनि ऽ रेंसां	निध पमं गरे प
ट नाऽ ऽ ल	गी ऽ गि रि	धाऽ रीऽ ऽ मुऽ	राऽ ऽऽ रीऽ ज
प सां नि रें	सां – सां सां	सां गं गं मं	गं रें सां नि
ब से ऽ ग	ए ऽ मो री	सु ध हुँ न	ली ऽ न्ही बि
रें नि – ध	ध प प धप	मं पमं – मंग	गरे रे सा सा
स र ऽ त	ना ऽ हीं नाऽ	ऽ हींऽ ऽ घऽ	रीऽ री ऽ नै

६– मारु-बिहाग (लक्षणगीत) त्रिताल

गांवो चतुरवा मारु-बिहाग ।
मेच–कल्याणी मेल बनावत ॥
उभय मध्यमों सोहत राग ॥ध्रु०॥
बरज करत रिध आरोहन में ॥
समय शाम को गनि सम्वादत ।
मुक्त मध्य कर; सम मधुर लाग ॥

२	०	३	×
निरें गरें सांनि धप	मंग रेसा नि़सा प़	नि़ सा ऽ म	ग – – ग
गाऽ ऽऽ वोऽ चऽ	तऽ रऽ वाऽ मा	ऽ रु ऽ बि	हा ऽ ऽ ग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मं प प प	नि रें नि ध	प – मं ग	मंग मंग रे सा
मे ऽ च क	ल्या.ऽ णी ऽ	मे ऽ ल ब	नाऽ ऽऽ व त
प़ नि़ सा म	– ग मं प	निरें गरें सांनि धप	मंग रेसा नि़ सा
उ भ य म	ऽ ध्य मों ऽ	सोऽ ऽऽ हुऽ तऽ	राऽ ऽऽ ऽ ग
ग मं प ग	मं प ग मं	प – नि –	सां सां सां –
ब र ज क	र त रि ध	आ ऽ रो ऽ	ह न मों ऽ
नि सां गं मं	मं गं रें सां	मं ग मं ग	मं ग रे सा
स म य शा	ऽ म को ऽ	ग नि स म	वा ऽ द त
प़ नि़ सा म	– ग मं प	निरें गरें सांनि धप	मंग रेसा नि़ सा
मु ऽक्त म	ऽ ध्य क र	सऽ मऽ मऽ धुऽ	रऽ लाऽ ऽ ग

वैजयंती

(संस्कृत) आरोहे गध–वर्जा चेदवरोहे तथा पुनः।
परि संवादि–वादिभ्यां वैजयंतीति रक्तिदा ॥
जाता कल्याणिका मेलाज्जात्यासावौड्वामता।
निशी प्रथमयामे तु गीयते गायकोत्तमैः ॥

(कल्पपुष्पम्)

(हिन्दी) कल्याणी सुर जानिये, गध सुर वर्जित होइ।
'परि' वादी संवादितें, वैजयंति कहि सोइ ॥

(रागबोधिनी)

(मराठी) 'वैजयंति' अति सुंन्दर वर्ज्य करी धग स्वरांस ही नित्य।
कल्याणी मेल खुले सायं समयासि रजवी चित्त ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

इस राग की उत्पत्ति कल्याण ठाठ से होती है अर्थात् इसमें मध्यम तीव्र तथा बाकी स्वर शुद्ध हैं। शास्त्रीय मत से गांधार और धैवत बिल्कुल वर्ज्य हैं। तथापि गुणी गायक धैवत स्वर मींड रूप से तथा अवरोह में स्पर्श रूप से लेते हैं। इसके पूर्वाङ्ग में 'श्याम कल्याण' का तथा उत्तराङ्ग में 'बिहाग' का भास होता है। किन्तु इन दोनों ही रागों में मध्यम का प्रयोग है। वैजयंती में शुद्ध मध्यम बिल्कुल नहीं। निषाद एक मधुर विश्रांति-स्थान है। वादी पंचम, संवादी ऋषभ।

जाति औडव, समय सायंकाल। 'परे' संगति अत्यंत मधुर। मुख्याङ्ग
ध म॑
रेम॑पसांऽ नि ऽऽ प, म॑ऽरे नि़ ऽ सा।। वैजयंती से श्यामकल्याण की विभिन्नता स्पष्ट दिखाने के लिये यहाँ दोनों के ही गीत दिये हैं।

ध
आरोहावरोहः—नि़ ऽ सा, रे, म॑, प नि ऽऽ सां निऽ प, मऽरे,
म॑
नि़ऽसा।

म॑ म॑
स्वरविस्तारः—सा, नि़, नि़सा। नि़सारे, नि़, प़नि़, प़नि़प़सानि़,
रे रे
रेम॑प़नि़, नि़, नि़सा। नि़सारे, नि़ नि़सा, नि़सारे नि़, प़नि़, प़नि़सा—
म॑
रेसानि़, म॑रेसानि़, प़नि़, प़नि़ऽसा। नि़सारेम॑, नि़ऽसारेम॑, प़नि़सारेम॑, रेम॑पम॑, रेम॑रेपम॑, निपम॑, रेम॑पम॑रे, म॑रे, म॑रे, म॑रेनि़ऽऽसा। नि़सारेम॑ऽपऽ,
ध ध
रेम॑परेम॑प, रेम॑पनिऽम॑प, प़निसारे म॑पनिऽ म॑प, रेम॑प, रेम॑पम॑रे, म॑रे
रे
नि़ऽऽसा। नि़सारेम॑पनिऽऽ, नि़ऽ, नि़ऽऽ, रे म॑पनिऽ, पनिसांरें सांनिऽ, म॑रेंसांनिऽ, प़नि़सानि़प़म॑, नि़सारेसानि़, रेम॑पम॑रे, पनिसांनिप, पनिसां—
प प रें
रेंसांनि, पनि, निऽऽ, निऽऽ, निऽसांऽऽ। निसांरेम॑पम॑रेंऽनिऽऽ सांऽ,
ध ध रे
नि़ऽम॑प, रेम॑पसांनिऽऽम॑प, रेम॑पनिऽम॑प, रेम॑पम॑रे, म॑ रे नि़ऽऽसा; नि़सा-रेम॑ऽप ऽ ऽ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

१—वैजयंती—ख्याल—एकताल

तू करीम करतार, कर मेहर की नजर नंदके छैल ॥ ध्रु० ॥
शरण तिहारी आयो, नित तेरी ही आस धरूँ,
रख लीजे मेरो शरम ।

३		४		×		०		२	
							म॑		
रेम॑	म॑प	-प	-निसां-	नि	-	नि	-प	-	रेम॑
तूऽ	करी	ऽम	ऽकरऽ	ता	ऽ	ऽ	ऽर	ऽ	कर

०		३		४		×	
पसां	नि-	नि-	--	प-	म॑म॑	प-	--
मेहृ	रऽ	कीऽ	ऽऽ	ऽऽ	नज	रऽ	ऽऽ

०		२		०		३ ४
	म॑			म॑		
प-	-रे	सा,	रे	नि़	सा	
नंऽ	ऽद	के	छै	ऽ	ल	तू करी ऽ मऽ

३		४		×		०	
पप	सांसां	निप	निनि	सां	-	सां	निनि
शर	णति	हाऽ	रीऽ	आ	ऽ	यो	नित

२		०		३		४	
		ध					
निसांरेंसां	नि	प	-	निप	पसां	नि	-
ते---	री	ही	ऽ	आऽ	सध	रूँ	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×		०		२		०	
			मं				
निसां	रेंमं	मं	रें	सांनि	प	मंरे	निसा
रख	लीऽ	जे	ऽ	मेऽ	री	शर	ऽम

२—वैजयंती—त्रिताल.

सुन सुन बतियाँ मोरे ब्रिज के बसैया,
आज प्राण-पिया मैं तो लेऊँगी बलैयाँ,
जाओ न परघर कृष्ण कन्हैया ॥
मेरी अँखियन के भूषन तुम हरि।
कैसे कटेंगी तुम बिन सगरी रतियाँ ॥

														नि	सा
३				×				२				०		सु	न
												मं			
रे	मं	प	सां	नि	–	मं	प	सां	नि	मं	प	रे	सा	नि	सा
सु	न	ब	ति	याँ	ऽ	मो	रे	ब्रि	ज	के	ब	सै	या	आ	ज
												ध			
नि	सा	रे	मं	प	मं	प	प	रे	मं	प	नि	प	मंरे	सा	नि
प्रा	ऽ	ण	पि	या	ऽ	मैं	तो	ले	ऊँ	गि	ब	लै	ऽऽ	या	ऽ
–	रे	नि	सा	रे	मं	प	नि	रें	नि	–	सां	नि	प	प	प
ऽ	जा	ओ	न	प	र	घ	र	कृ	ष्ण	ऽ	क	न्है	या	मे	री
प	प	नि	धनि	सां	–	सां	–	सां	सां	नि	रें	सां	सां	–	रें
अँ	खि	य	नऽ	के	ऽ	भू	ऽ	ष	न	तु	म	ह	रि	ऽ	कै
मं	पं	मं	रें	नि	सां	नि	प	मं	रे	सा	रे	नि	सा		
से	क	टें	गी	तु	म	बि	न	स	ग	री	र	ति	याँ		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

३–वैजयंती—एकताल

फागुन आयो एरि माई री; खेलुंगी पिया से आज होरी।
कंचन की भरूँ पिचकारी ॥ धृ० ॥
ग्वाल–बाल सब आवत। श्यामसुन्दर आये ठुमकत।
अबिर मलत, जिया में हँसत, सँग सोहत ब्रिज की नारी ॥

×		०		२		०		३		४	
रे	म॑	प	नि	ध म॑	प	म॑	रे	सा	रे	नि॒	सा
फा	ऽ	गु	नऽ	आ	यो	ए	ऽ	रि	मा	ई	रि
म॑	रे	म॑	म॑	प	प	पनि	धनि	प	प	म॑	प
खे	लुं	गि	पि	या	से	आऽ	ऽऽ	ज	हो	ऽ	रि
रे	म॑	प	निध	म॑	प	म॑	रे	सा	रे	नि॒	सा
कं	ऽ	च	नऽ	की	ऽ	भ	रूँ	पि	च	का	रि
प	–	म॑	प	रे	म॑	प	नि	नि	सां	सां	सां
ग्वा	ऽ	ल	वा	ऽ	ल	स	ब	आ	ऽ	व	त
नि	सां	रें	सां	नि	सां	नि	सां	नि	प	म॑	प
श्या	ऽ	म	सुं	द	र	आ	ये	ठु	म	क	त
नि	सां	रें	मं॑	पं	मं॑	मं॑	रें	सां	रें	नि	सां
अ	बि	र	म	ल	त	जि	या	में	हँ	स	त
नि	सां	नि	–	ध म॑	प	म॑	रे	सा	रे	नि॒	सा
सँ	ग	सो	ऽ	ह	त	ब्रि	ज	कि	ना	ऽ	रि

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

४–वैजयंती–त्रिताल—लक्षणगीत

वैजयंति के सुर मधुर सखि । कल्याण को करत नित मेल ॥
बरज कर धग, सुध हंरत तन की ॥ धृ० ॥
सखि शाम को गावे घनश्याम, अरु दिखावत नित छबि 'श्याम' की ॥

३	×	२	०
			नि़ बै
सा रेम॑ प म॑	(प) – – –	सां नि म॑ प	म॑ रे सा नि़
ज यंऽ ऽ ति	के ऽ ऽ ऽ	सु र म धु	र स खि क
सा नि़सा रे सा	नि़ – प़ प़	नि़ सा रे म॑	रे सा नि़ सा
ऽ ल्या ऽ ण	को ऽ ऽ क	र त नि त	मे ऽ ल ब
नि़ सा रे म॑	प म॑ प प	पनि सांरें सां नि	पम॑ रेसा नि़सा प
र ज क़ र	ध ग सु ध	हुऽ रऽ त त	नऽ कीऽ ऽऽ स
प सां – सां	सां – सां –	सां – सां रें	सां निप सां
खि श्या ऽ म	को ऽ गा ऽ	वे ऽ घ न	श्या ऽ म अ
		म॑	म॑
रें मं पं मं	रें रें सां सां	सां नि प रे	नि सा –
रु दि खा ऽ	व त नि त	छ बि श्या ऽ	म की ऽ

५ श्यामकल्याण—एकताल

श्याम मोहन आए अजहूँ न । उन्हीं सँग लाग रह्यो मन ।
कैसे करूँ परत कल न ।।धृ०।।
जबसे गए सुध न लीन्ह, तरफत हूँ रैन-दिन ।
सखि,पाऊँ दरस कैसे । बाट तकत हूँ छिन-छिन ।।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×		०		२		०		३		४	
रे	मं	प	नि	मं	प	म	रे	सा	रे	(म)नि़	सा
श्या	ऽ	म	मो	ह	न	आ	ये	अ	ज	हूँ	न
मं	मं	प	मं	प	–	मं	प	ध	–	मं	प
उ	न्हीं	सँ	ग	ला	ऽ	ग	र	ह्यो	ऽ	म	न
रे	मं	प	नि	मं	प	ग	म	रे	रे	नि़	सा
कै	ऽ	से	क	रूँ	ऽ	प	र	त	क	ल	न
प	प	सां	सां	सां	सां	सां	सां	सां	रें	सां	सां
ज	ब	से	ग	ये	ऽ	सु	ध	न	ली	ऽ	न्ह
ध	ध	सां	ध	सां	रें	सां	सां	ध	–	प	प
त	र	फ	त	हूँ	ऽ	रै	ऽ	ना	ऽ	दि	न
मं	प	ध	सां	ध	प	मं	प	ध	प	मं	प
स	खि	पा	ऽ	ऊँ	ऽ	द	र	स	कै	ऽ	से
रे	मं	प	नि	(ध)मं	प	ग	म	रे	रे	नि़	सा
बा	ऽ	ट	त	क	त	हूँ	ऽ	छि	न	छि	न

रसचंद्र—

(संस्कृत) रागे तु रसचंद्रे च मद्वयं न हि पंचमः।
निषादो वर्ज्यते यत्र तीव्राश्च रिगधस्वराः॥

(हिन्दी) 'ललिता' के जब रिखब को शुद्ध रूप में गाइ।
पंचम निखद हि वर्ज्य कर तब रसचंद्र कहाइ॥

(मराठी) द्वय मध्यमांत नटला पंचम विन शुद्ध ऋषभि रस चंद्र।
संचारत त्रय सप्तकिं तार, तसा मध्य आणि ही मांद्र॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग रसचंद्र एक आधुनिक संशोधित विचित्र प्रकार है। इसमें दोनों मध्यम लगातार-ललितांग पद्धति से आते हैं। किन्तु इसमें शुद्ध ऋषभ होने से यह ललित राग से बिलकुल अलग रहता है। निषाद और पंचम इसमें वर्ज्य तथा बाकी स्वर शुद्ध हैं। इसके आरोह में ऋषभ दुर्बल है। अवरोह में 'मगमरेऽसा' अथवा 'गमरेऽसा' अथवा 'मरेऽसा' इस तरह गांधार वर्ज्य करके या वक्र रूप से लिया जाता है। यह स्वर-संगति पूर्वाङ्ग में थोड़ा बिलावल का भास करती है। साऽरेसा, सारेग, सारेसाग, मग, मगमरे, मरे, सा; ये सब बिलावल के ही टुकड़े हैं। मंधमंसांऽधमंऽम; गऽमंमधमंमऽ; इन स्वरसमुच्चय को बारम्बार लेने से यह राग अधिकाधिक स्पष्ट होता है। इस राग में प्रमुख स्वर शुद्ध मध्यम है। गांधार एक महत्व का विश्रांति-स्थान है। राग का चलन बहुत ही मींड प्रधान है। वादी मध्यम संवादी षड्ज। समय प्रभात। राग का मुख्याङ्ग—मंधमंसांऽधमंम, गऽ मंमधमंम, गमरेऽऽसा।

आरोहावरोहः—सा, रेसा, गमरेऽसा, गऽममंम, धमंम, मंधमंसां, रेंसां, गंमंरेंसां, सांधऽमंम, गऽममंधमंम, गमरेऽसा।

स्वरविस्तारः—सा, रेसा, गमरेऽसा। सारेसाऽ, गऽ, सारेसाग, ममंमग, ममंमंग, मंमग, मरेऽसाऽ। सारेसा, ग, सारेसाग, साग, सागऽऽमऽऽ, सामऽऽ, गऽममंधमंम, गधमंम, धमंम, धंम, ग, ममंमग, मरेऽसा; गऽममंधमंमऽऽ। रेसा, गमरेसा, गऽममंम, गमरेऽसा, गऽममं-धमंमऽ गमरेऽसा, ग, मधमंसांऽध, मंम, ग, ममंधमंम, गमरेऽसा, गऽमं-मधमंमऽ। साग, सारेग, सारेसाग, धसाग, सागमग, सागममंमग, धमंमग, मधमंसांऽधमंमग ममंधमंमग, मंमग, मग, मग, मरेऽसा, गऽममंधमंमऽऽ। गऽमधमंसां, मंधसां, गऽमंधमंसां, सा, सागऽमधमंसां, धसा, ग, ममंमगऽमधमंसां, रेंसां, गंमंरेंसां, गंऽमंमंधंमंमं, गंमंरेंसां, रेंसां, सांऽधमंमग; ममंधमंमग, धमंमग, मग, मग, मगमरेऽसा; गऽममं-धमंमऽऽ। साध, मंमग, मंधमंसा, रेसा, गमरेसाऽ, गऽममंधमंऽमऽऽ।

२४—रसचंद्र-ख्याल-एकताल

बलि बलि जाऊँ, गाऊँ शंकर हर हर नाम सुरस ॥धृ०॥
बलिहारी करूँ तन मन धन उन्हीं पर, नीलकण्ठ पदपंकज रज धरूँ सिर॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

४		×		०		२		०	
गम	रेसा	ग	–	म	–	मम	म	–मधसांग	सां
बलि	बलि	जा	ऽ	ऊँ	ऽ	गाऽ	ऊँ	ऽशंऽऽऽ	क

३		४		×		०		२	
			सां						
रेंसां	–	धसांरेंसां	ध	सांध	मं	म	–	गम	मंम
रऽ	ऽ	हऽऽऽ	र	हुर	ह	र	ऽ	नाऽ	ऽऽ

०		३		
ग	गम	रे	सा	बलि बलि जा
म	सुर	स	ऽ	

४		×		०		२		०	
मंध	सांध	सां	–	सांरें	सां	सांध	सां	रें	सां
बलि	हाऽ	री	ऽ	करू	त	नऽ	म	न	ऽ

३		४		×		०		२	
गंमं	रेंसां	सांधसां	सां	धसां	रेंसां	–सां	सांध	सांध	मंम
धन	उन्हीं	पऽऽ	र	नीऽ	लकं	ऽठ	पद	पंऽ	कज

०		३		४
गमममं	गम	रे	सा	बलि बलि जा
रऽजऽ	धरु	सि	र	

२—रसचन्द्र—त्रिताल

बालमवा जागो हरि ।

शुभ प्रात की मङ्गल आई घरी ॥ध्रु०॥

कीर मुरवा कोकिल कुहु बोले ।

अरुण चूमत भूव नलिनी न्यारी ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

			ग
३	×	२	० बा
– म – मं	ध – मं –	म – ग म	रे रे सा सा
ऽ ल ऽ म	वा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ जा ऽ	गो हृ रि शु
ध़ म़ ध़ म़	सा – सा –	ग 'ग ग म	रे रे सा म
भ्र प्रा ऽ त	की ऽ मं ऽ	ग ल ग्रा ऽ	ई घ री, की
ग म ध मं	सां – सां –	सां ध सां रें	सांध मं म ग
ऽ र मु र	वा ऽ को ऽ	कि ल कु हु	बोऽ ऽ ले ग्र
गं मं रें सां	सां रें सां सां	सां ध मं म	गम रे सा
रु ण चू ऽ	म त न व	न लि नी ऽ	न्या ऽ री

३–रसचन्द्र—त्रिताल

नैना चलावे किसन मुरारी,
रोकत टोकत नित ही हमसे।
पनघटवा ठाड़ो माई री ॥ध्रु०॥
कारि करूँ सखि कैसे घर जाऊँ,
छीन लई मोरी माथे की गगरी ॥

			मंम
			नैऽ
३	×	२	०

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

धसां	र्म	ध	र्म	म	–	म	–	ग	म	र्म	गम	रे	–	सा	–
ऽ	ना	ऽ	च	ला	ऽ	वे	ऽ	कि	स	न	मुऽ	रा	ऽ	री	ऽ
ग	–	म	र्म	ध	र्म	म	म	र्म	ध	र्म	सां	ध	र्म	म	–
रो	ऽ	क	त	टो	ऽ	क	त	नि	त	ही	ऽ	ह	म	से	ऽ
ग	म	ध	र्म	ध	–	सां	सां	धसां	रेंसां	ध	र्म	म	रे	सा	म
प	न	घ	ट	वा	ऽ	ठा	डो	माऽ	ऽऽ	ई	ऽ	ऽ	ऽ	री	का
र्म	ध	सां	ध	सां	–	सां	सां	ध	सां	रें	सां	र्म	मध	सां	–
ऽ	री	ऽ	क	रू	ऽ	स	खि	कै	से	घ	र	जा	ऽऽ	ऊँ	ऽ
गं	मं	रें	सां	ध	सां	ध	र्म	म	–	ग	म	म रे		रे	सा
छी	ऽ	न	ल	ई	ऽ	मो	री	मा	ऽ	थे	की	ग		ग	री

४-रसचन्द्र—झपताल (लक्षणगीत)

रसचन्द्र मधुराग नित सोहत ललितांग ।
द्वय मध्यम लाग ॥ध्रु०॥
निप बरज नित करत ।
म स जुगल सम्वादत ॥
शुभ प्रात के समय,
नित गात धन भाग ॥

×		२			०		३		
ध़	सा	ग	र्म	म	ध	र्म	गम	रे,	सा
र	स	च	ऽ	न्द्र	म	धु	राऽ	ऽ	ग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा	सा	ग	म	मं	ग	मं	ध	म	म
नि	त	सो	ह	त	ल	लि	तां	ऽ	ग
मं	ध	मं	सां	ध	मं	म	रे	-	सा
द्व	य	म	ऽ	ध्य	म	ऽ	ला	ऽ	ग
ग	ग	मं	ध	मं	सां	सां	सां	रें	सां
नि	प	व	र	ज	नि	त	क	र	त
ध	सां	गंमं	रें	सां	ध	सां	ध	मं	म
म	स	जुऽ	ग	ल	स	म	बा	द	त
गं	मं	मं	मं	रें	सां	-	सां	ध	सां
शु	भ	प्रा	ऽ	त	के	ऽ	स	म	य
मं	ध	मं	सां	ध	मं	म	रे	-	सा
नि	त	गा	ऽ	त	ध	न	भा	ऽ	ग

नन्द—

(संस्कृत) द्विमस्तीव्रेतरः सांश ग्रारोहे नास्ति रीस्वरः ।
प संवादी ग वक्रश्च नन्दस्तु रात्रि–गोचरः ॥

(हिन्दी) दो मध्यम तीवर सब हि षड्ज सुवादी जान ।
पंचम सुर संवादि है, नन्द राग पहिचान ॥

(मराठी) नन्द राग नित घेई विमलस्वरीं उभय मध्यमा रुचिर ।
स-प नृपमंत्री शोभति, रजनी समयांत मुग्ध करि चतुर ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नन्द अथवा आनन्दकल्याण में दो मध्यम तथा अन्य स्वर शुद्ध हैं। हमीर, बिहाग, कामोद, गौड़सारंग आदि रागों का इसमें मधुर मिश्रण है। इसके आरोह में ऋषभ वर्ज्य है। शुद्ध मध्यम आरोहावरोह में सरल रूप में लिया जाता है। तीव्र मध्यम पंचम के साथ अवरोह में आता है। अवरोह में म॑प, गमधपरेऽऽसा अथवा गमपरेऽसा इस प्रकार 'प रे' संगति बारंबार दिखाई जाती है। बाद में सागऽमऽऽ इस प्रकार शुद्ध मध्यम मुक्त रूप से लिया जाता है। वादी सा, तथा संवादी पंचम है, शुद्ध मध्यम एक महत्त्व का विश्रान्ति-स्थान है। मुख्यांग—गम धप रेऽसा, गऽ मऽ। समय रात्रि का दूसरा प्रहर। जाति वक्र सम्पूर्ण।

आरोहावरोहः—सा, ग, मऽ, प गमपधनिऽप, पधम॑प सांऽ। सां नि, ध, प, म॑प, म॑प धप, गमप रेऽऽसा; गऽऽमऽऽ।

स्वरविस्तारः—सा, नि़, नि़सा। नि़साग, गऽमऽऽ सागऽऽम, गमपऽऽ, गमधप रेऽसा, गऽऽमऽऽ। सा, सागऽऽमऽऽ, मगपऽऽ, मगपऽऽ, गमपधनिऽ धप, धऽपम॑, (प)ऽमग, गमधपऽ, गमपरेऽसा, गऽऽमऽऽ। गमपधनिऽधप, धऽपम॑, (प)ऽमग, सागमपधनिऽ प, सागमपऽधम॑पधनिऽपऽ, गमपरेऽसा, गऽऽमऽऽ। पधम॑पसांऽ, ऽसा, सागमप, पधम॑पसांऽ, गंसां, गंमंपंरेंऽसां, सां, नि, निधप, निरें, निध, प; गमपध धनिधनिऽधप, पधपधऽपम॑, म॑पम॑पऽमग, गमंध

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म म
प रे, सा, गऽ, मऽ ।

१-नन्द—त्रिताल

पायलिया मोरी बाजे झनन,
कैसे आऊँ मैं सखि, पिया के दरसन ॥धृ०॥
जागे मोरी अब सास-ननदिया,
और जागत मोरि सबहि सहेलिया ।
पिया के दरस बिन न आवत चैन ॥

३				×				२				०			नि पा
सां	ध	–	मं	(प)	–	प	प	म ग	म	गम	धप	म रे	रे	सा	सा
ऽ	य	ऽ	लि	या	ऽ	मो	री	बा	ऽ	जेऽ	ऽऽ	झ	न	न	कै
सा	ग	–	ग	म	–	प	ध	ध नि	ध नि	ध	प	ध	मं	प	प
से	जा	ऽ	ऊँ	मैं	ऽ	स	खि	पि	या	के	द	र	स	न	जा
–	सां	–	सां	सां	–	सां	सां	सां	–	सां	सां	सां	रें	सां	गं
ऽ	गे	ऽ	मो	री	ऽ	अ	ब	सा	ऽ	स	न	न	दि	या	औ
मं	पं	मं रें	–	सां	सां	रें	सां	ध ग	म	ध	प	म रे	रे	सा	–
ऽ	र	जा	ऽ	ग	त	मो	रि	स	ब	हि	स	हे	लि	या	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा सा ग ग	म॑ म प ध	धनि धनि ध प	ध म॑ प
पि या के द	र स बि न	नाऽ ऽऽ व त	चै ऽ न

२-नन्द—त्रिताल

मधुर बजावे मुरली ।
स्वर-माधुरी सखि अलबेली ।।धु०।।
बन बन ढूंढ़त ब्रिजनारी ।
ये री न पायो बनमाली ।।

			ध
३	×	२	० म
म	म		
प रे – सा	ग – – रे	ग ग प म॑	ध प म॑ ग
धु र ऽ ब	जा ऽ ऽ ऽ	वे ऽ मु र	ली ऽ ऽ स्व
म प – ध	धनि धनि ध प	ध ध प म॑	(१) – म॑ प
र मा ऽ धु	रीऽ ऽऽ स खि	अ ल बे ऽ	ली ऽ ऽ ब
प सां – सां	रें सां – –	सां सां सां रें	सां नि धप गं
न ब ऽ न	ढूं ऽ ऽ ऽ	ढ़ त ब्रि ज	ना ऽ रीऽ ये
			म
रें सां नि रें	सां नि ध प	ग म ध प	रे – – सा
ऽ री ऽ न	पा ऽ यो ऽ	री ऽ ब न	मा ऽ ऽ ली

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

३-नन्द—एकताल

मान मोरि बिनती मान,
श्याम तोरी मैं तो शरन,
जाने दे जमुना तीर मोहन ॥ध्रु०॥
ब्रिज जुवती आवत जावत,
देख श्याम सबहि कहत ।
कान्हा मानजा अब जाने दे,
सुनूंगी बन्सी सगरी रैन ॥

×		०		२		०		३		४	
सां	–	रेंसां	नि	–	धप	प	ध	नि	धप	मंप	गम
मा	ऽ	नऽ	मो	ऽ	रिऽ	बि	न	ति	माऽ	ऽऽ	नऽ
(म)ग	म	प	ध	नि	धप	(म)ग	म	धप	(म)रे	रे	सा
श्या	ऽ	म	तो	ऽ	रीऽ	मैं	ऽ	तोऽ	श	रऽ	नऽ
सा	सा	ग	म	प	ध	(प)नि	–	धप	प	पध	मंप
जा	ने	दे	ज	मु	ना	ती	ऽ	रऽ	मो	हऽ	नऽ
प	प	सां	सां	सां	–	सां	रें	गंरें	सां	सां	सां
ब्रि	ज	जु	व	ती	ऽ	आ	व	तऽ	जा	व	त
सांगं	रेंगं	रेंसां	सांरें	सांरें	सांनि	नि	नि	नि	सांनि	ध	प
देऽ	ऽऽ	खऽ	श्या	ऽऽ	मऽ	स	ब	हि	कऽ	ह	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

									म		
सांरें	सांरें	नि	सां	सां	सां	ग	म	ःप	ग	म	म
काऽ	न्हाऽ	ऽ	मा	न	जा	अ	ब	तो	जा	ने	दे

म									म		
सा	ग	म	पध	निध	प	ग	म	धप	रे	-	सा
सु	नु	गि	बंऽ	ऽऽ	सि	स	ग	रिऽ	रै	ऽ	न

४-नंद—झपताल—लक्षणगीत

आनन्द दे नंद, द्वय मध्य को मानत नित चतुर गुणिवृन्द ॥ धृ० ॥
पस जुगुल समवाद, सखी री बरसावत ।
मध रजनि को शांत मधुर-सुर-सौगंध ॥

०		३			×		२		
		म			सा				
(प)	-	रे	-	सा	ग	-	म	-	म
आ	ऽ	नं	ऽ	द	दे	ऽ	नं	ऽ	द
म						ध		नि	
ग	म	प	-	ध	नि	प	ध	मं	प
द्व	य	म	ऽ	ध्य	को	ऽ	मा	न	त
							म		
सा	ग	मप	निध	मंप	गम	धप	रे	-	सा
नि	त	चऽ	तुऽ	रऽ	गुऽ	निऽ	वृं	ऽ	द
प	प	सां	सां	सां	सां	रें	सां	-	सां
प	स	जु	गु	ल	स	म	वा	ऽ	द

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रेंगं	रेंगं	सांनि	सांरें	सांरें	-नि	सांनि	ध	-	प
सऽ	खिऽ	रिऽ	बऽ	रऽ	ऽसा	ऽऽ	व	ऽ	त
म	म	म	म	म	म	-	म	प	प
म	धु	र	ज	नि	को	ऽ	शां	ऽ	त
धनि	धनि	धप	पध	पध	पमग	मप	मरे	ऽ	सा
मऽ	धुऽ	रऽ	स्वऽ	रऽ	ऽऽसौ	ऽऽ	गं	ऽ	ध

लाजवन्ती

(संस्कृत) निसौ गरी, मगौ पधौ मपौ सपौ धमौ परी ।
लज्जावती तु सम्पूर्णा गीयते विमलस्वरैः ।।

(हिन्दी) संपूरन सुर धरत है, समय सोहि मधरात ।
लजवन्ती अति मधुर है, सुध स्वर, पस संवाद ।।

लाजवन्ती एक सम्पूर्ण जाति का मधुर वक्र स्वरूप है । इसमें सभी स्वर शुद्ध हैं। आरोह में निसा, गरे, मग, इस प्रकार के उठाव से गौड का आभास हुआ करता है; किन्तु आगे पऽधमपसां इस प्रकार की स्वरमाला आते ही गौडसारङ्ग नष्ट होजाता है। अवरोह में सांऽऽप धऽम, पऽग, इस प्रकार वक्र स्वर-रचना से तिलककामोद, खंबावती की छाया

म

दिखाई देती है, परन्तु अन्त में गमप रेऽसा इस प्रकार का वक्र अवरोह इन रागों को अलग कर देता है। क्वचित् तानबाजी में रेगमप या मपनिसां तथा अवरोह में सांनिधपऽमऽ इस प्रकार की सरल रचना करके गौडमल्हार का तिरोभाव किया जाता है। किन्तु आगे गऽमप रेऽसा अथवा सांऽप, धऽम, पऽग, मपरेऽसा इस प्रकार की लाजवंती की राग-वाचक स्वरमाला आते ही गौडमल्हार लुप्त हो जाता है ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अन्तरे का उठाव पधमपसां अथवा मपसां इस प्रकार से किया जाता है। वादी पञ्चम, संवादी षड्ज, समय रात का दूसरा प्रहर, मुख्याङ्ग:—

ऩिसा, गरे, मग, पऽधमपसांऽप, धऽम, पऽग, मपरेऽसा।

आरोहावरोह—ऩिसा, गरे, गम, पऽधमपसां। सांऽऽप, धऽम, पग मपरेऽसा।

स्वरविस्तार—सा, ऩिसा, प़ऩि, प़ऩिसा, साप़, प़ऽध़म़प़सा।

ऩिसारे, प़ऩिसारेसाप़, प़ध़म़प़सा, ऩिसारे, गरे, ऩिसागरे, साप़, गरे,

ऩिसागरे, प़ऩिसागरे, गरेमगपरे,ऽसा। ऩिसाग, प़ऩिसाग, रेग, रेसाऽग, रेग, साप, ध़म़प़सा, ऩिसाग, गरेमग, साऽगरेमग, ऩिसागरेमग, रेरेसा, गरेमग, परेऽसा। सा, रेगम, ऩिसा, गरे, मग, म, सागरेम, साम, म, मग, रेगम, पम, रेगमपम, गपम, पम, पग, रेगमपम, पग, साम, म, मग, रेगमपम, गपम, गमपरेऽसा,। सा, रेगमप, गरे, मग, प, ऩिसाग-रेमग, प, प़ऩिसा, गरेसा, गरे, मगप, रेसाऽगरेऽमगऽप, (प) मग, रेग-मपम, (प) मग, रेगमपग, धपम, पग, रेगमपगऽमपगऽगमपरेसा। सा, गरे, मग, पऽधमप, सां, सांऽपऽम, मपनिसां, पनिसां, रेंसां, गरें, मंगं, पंरेंऽसां, रेंऽगंमंपंरेंऽसां पनिसांरें सां, सांनिधपम, सांप, धम, पग, मपग, रेग, परेऽसा, साप़, धप़, प़ध़, म़प़, सा, गम, परेऽसा।

१-लाजवंती, ख्याल—तिलवाड़ा

बलमा न जावो परदेस, मानो मोरी सैंयाँ ॥धृ-॥
गरजत कारे घन, उपजावे कोयल कूकहूक ॥

२				×			
				रे			
*	*	---ग	रेसारेऩिसासा	गं	म	--मग	प
*	*	ऽऽऽब	लमाऽऽऽन	जा	वो	ऽऽपर	दे

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

२				०			
—पे	पधमपसां----	- प	ध	म	प	ग	रे---रेगमप
ऽस	माऽऽऽऽऽऽऽ	ऽ ऽ	नो	ऽ	मो	ऽ	रीऽऽऽऽऽऽऽ

३				×			
रे	सा	० ---प	पधपमप	सां	रेंसां	सांसां	रें--गंमंपं--
सैं	याँ	ऽऽऽग	रजऽऽत	का	रेऽ	घन	उऽऽपऽऽऽऽ

२				०			
		प		प	म		
रें	सां	सां	प	धम	पग	रे	रेऽऽपमपऽऽ
जा	वे	को	ऽ	यऽ	लऽ	कू	कऽऽऽऽऽऽऽ

३			
रे	सा	---ग	रेसारेनि़सासा
हू	क	ऽऽऽब	लमाऽऽऽन जावो

२—लाजवंती-त्रिताल

सुघर-सुघर सब आये गुनिजन। गुन की रीत गुनी ही जानत, क्या जाने हमको जो निरगुन॥ धृ०॥ जो-जो गुन की रीत को समझत, उनके ही हम गुन के कारन॥

०				३				×				२			
सां	नि़	ध	प	मग	रे	ग	प	म	-	रेग	मप	रे	रे	सा	सा
सु	घ	र	सु	घऽ	र	स	ब	आ	ऽ	येऽ	ऽऽ	गु	नि	ज	न
नि़	सा	ग	रे	म	ग	प	प	पनि	सांरें	सां	नि	ध	प	म	म
गु	न	की	ऽ	री	ऽ	त	गु	नीऽ	ऽऽ	ही	ऽ	जा	ऽ	न	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पध	मप	सां	प	ध	म	प	ग	रे	-	गम	प	रे	रे	सा	सा
क्या	ऽऽ	जा	ऽ	ने	ऽ	ह	म	को	ऽ	जोऽ	ऽ	नि	र	गु	न
प	ध	म	प	सां	सां	सां	सां	सां	-	सां	सां	सां	रें	सां	सां
जो	ऽ	जो	ऽ	गु	न	की	ऽ	री	ऽ	त	को	स	म	झ	त
गं	रें	मं	गं	पं	रें	सां	सां	सां	सां	प	ध	गम	प	रे	सा
उ	न	के	ऽ	ही	ऽ	ह	म	गु	न	के	ऽ	काऽ	ऽ	र	न

३-लाजवंती—एकताल

तिलक लगाऊँ नंद के नंद, तुम्हरे कारण अमलकन्द।
तन-मन वारूँ हरि-मुकुन्द।।ध्रु०।। अधर मुरली सीस फूल,
मधुर हलत कानन कुण्डल। हँसत जिया में मन्द-मन्द।।

×		०		२		०		३		४	
सां	सां	प	ध	प	म	ग	म	प	(ग)रे	-	सा
ति	ल	क	ल	गा	ऊँ	नं	द	के	नं	ऽ	द
नि़	सा	ग	रे	म	ग	सां	नि	ध	प	म	म
तु	म्ह	रे	का	र	ण	अ	म	ल	क	ऽ	न्द
प	ध	म	प	सां	प	ध	म	प	(म)रे	-	सा
त	न	म	न	वा	रूँ	ह	रि	मु	कुं	ऽ	द
म	प	सां	सां	सां	सां	सां	-	सां	रें	सां	सां
अ	ध	र	मु	र	ली	सी	ऽ	स	फू	ऽ	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां	ध	ध	ध	सां	सां	सां	रें	सां	नि	धप	म
म	धु	र	हु	ल	त	का	न	न	कुं	डऽ	ल
सां	प	ध	म	प	ग	ग	म	प	रे	–	सा
हँ	स	त	जि	या	में	मं	ऽ	द	मं	ऽ	द

४—लाजवंती—झपताल—लक्षणगीत

सखि मधुर लाजवंती मध्य रात के समय,
मोरे मन भावे अति ॥धृ०॥
सब शुद्ध सुर जान, निखद को अबमान।
सुर मध्य करे अंश, सहचार को आदि ॥

×		२			०		३		
सां	प	ध	म	गरे	रे	रेगमप	रे	–	सा
स	खि	म	धु	रऽ	ला	जऽऽऽऽ	वं	ऽ	ती
नि़	सा़	ग	–	ग	म	–	प	म	म
म	ध	रा	ऽ	त	के	ऽ	स	म	य
पधमप	सां	प	ध	म	प	ग	रेगमप	रे	सा
मोऽऽऽ	ऽ	रे	म	न	भा	ऽ	वेऽऽऽ	अ	ति
म	प	सां	–	सां	सां	रें	सां	–	सां
स	ब	शु	ऽ	द्ध	स्व	र	जा	ऽ	न
रें	गं	मं	रें	गंमंपं–	गं	गंमंपं	रें	–	सां
नि	ख	द	को	ऽऽऽऽ	अ	बऽऽ	मा	ऽ	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	म	म	–	म	म		ग	म	प	प
सु	र	म	ऽ	ध्य	क		रे	ग्रं	ऽ	श

म	प	सां	–	प	रे	रेगमप–	रे	–	सा
स	ह	चा	ऽ	र	क	रेऽऽऽऽ	ग्रा	ऽ	दि

चंद्रिका–

(संस्कृत) निसौ धपौ मरी, निसौ नित्यं गांवार-वर्जिता ।
मांशिका षाडवा शुद्धा गेया रात्र्यां च चंद्रिका ।।

(हिन्दी) धग बरजे आरोहि में निग बरजे अवरोहि ।
वेलावलि के मेल में राग चंद्रिका सोहि ।।

(मराठी) राग चंद्रिका घेई मध्य निशा समयिं शुद्ध स्वर माला ।
सम संवादति वर्ज्य न स्वर गांधारास, मधुर बहु गमला ।।

"राग चंद्रिका" यह एक बिलावल मेल का औडव राग है। इस राग में गांधार वर्ज्य तथा अन्य सभी स्वर शुद्ध हैं। आरोह में धैवत तथा अवरोह में निषाद दुर्बल है। नि़सा, रे, मप, नि सां, इन स्वरों में सारंग, सांऽधपमरे, रेमपधपमरे, मपधपमरे, इनसे दुर्गा, मरेऽनि़सा, (म) इन स्वरों से श्यामकल्याण और पनिसां, निसां, धप, इन स्वरों से पटदीप की छाया व्यक्त होती है। वादी पंचम, संवादी षड्ज, समय मध्यरात्रि। वर्षा ऋतु में समय का बंधन नहीं। मुख्यांगः—मप निसां, धप, मपधप, म रे, नि़, सा।

आरोहावरोहः—नि़सा, रे, मप, नि, सां। निसांधप, मपध, प, (म) मऽरेनि़ऽऽसा।

म म

स्वरविस्तारः—सा, नि़सा, रे, प़नि़सा, नि़सारे, प़नि़सा, मरे, मरे, मरे, नि़सा। प़नि़प़सा, नि़रे नि़सा ध़ऽप़, म़प़नि़सा, ध़, प़, म़प़नि़सा,

ध़ ध़ म

ध़प़, नि़साध़प़, म़प़नि़ऽ, नि़ऽ नि़सा। नि़सारे, प़नि़सारे, मरे, मरे,

म म म

नि़ऽसा। नि़सारे, नि़सा, मऽरे। प़नि़सामऽरे, मऽरे, नि़ऽसा। नि़सारेमप, रेमपऽरे मप, रेमपं, नि़ऽसारेमप, नि़साध़प़, म़प़नि़सा, रेमप, मपधप, साऽरेमप, मपमधप, मधपमरे, मरे, नि़सा। नि़सारेमपधऽमपधऽमध-ऽनि़ऽसारेमपध, ध, रेसामरेपमध, धध, निध, मपनिध, रेमपधमपध,

म

मपनिध, मपधपमरे, मरे, नि़सा। नि़सारेमपनि, मपनि, नि़, सारेमपनि

ध ध

प़नि़प़सानि़साध़प़, मपनि, निऽ, निऽ, निसांऽऽऽ। निसांमरें, मरेंनिसां,

म म

निसांरें, निसांधप, मपनिसां, धप, मपधप, मपधपमरे, मरे, नि़ऽसा।

१—चंद्रिका—झपताल

सखि चतुर नंदलाल। घनश्याम गोपाल, गिरिधारि, ब्रजबाल
चित हरत मुखकमल मन मगन भई भूल ॥ध्रु०॥ जब से सुनी मुरली
चित-चोर सुध लीन्हि पनघटवा ठाड़ो कान्हा। मन भ्रमत गोकुल॥

×		२			०		३		
प	म	ध	प	म	रे	सा	म नि़	सा	सा
स	खि	च	तु	र	नं	द	ला	ऽ	ल
सा	नि़	सा	-	रे	नि़	सा	ध़	म़	प़
घ	न	श्या	ऽ	म	गो	ऽ	पा	ऽ	ल
म़	प़	नि़	-	ध़	नि़	नि़	नि़ सा	-	सा
गि	रि	धा	ऽ	रि़	ब्र	ज	बा	ऽ	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म प	म	प	म	म	प	प	ध	म	प
चि	त	ह	र	त	मु	ख	क	म	ल
नि	सां	ध	म	प	ध	प	म	रे	सा
म	न	म	ग	न	भ	ई	भू	ऽ	ल
म	प	सां	–	सां	सां	–	सां	रें	सां
ज	ब	से	ऽ	सु	नी	ऽ	मु	र	ली
मं रें	मं	रें	–	सां	नि	सां	रें	म नि	सां
चि	त	चो	ऽ	र	सु	ध	ली	ऽ	न्ही
नि	सां	रें	नि	सां	नि	सां	ध	म	प
प	न	घ	ट	वा	ठा	डो	का	ऽ	न्हा
नि	सां	ध	म	प	ध	प	म	रे	निसा
ब	न	भ्र	म	त	गो	ऽ	कु	ऽ	लऽ

२–चंद्रिका–एकताल

बादरिया सावन की,
भुकत भुकत भुकत आई ।
जलधर गरजत तड़पत,
चमचम बिजली चमकी ॥ध्रु०॥
साजन घर अजहुँ न आये,
जियरा मोरा तरसाये ॥
का करूँ न माने मन,
सुध न रही अब बाकी ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×		०		२		०		३		४	
सां	–	ध	प	म	–	मप	धप	म	रे	नि़	सा
बा	ऽ	द	रि	या	ऽ	साऽ	ऽऽ	व	न	की	ऽ
			म								
सा	रे	सा	प	म	म	म	प	ध	म	प	प
झु	क	त	झु	क	त	झु	क	त	आ	ऽ	ई
म	प	नि	सां	रें	रें	नि	सां	ध	म	प	प
ज	ल	ध	र	ग	र	ज	त	त	ड़	प	त
मप	निसां	ध	म	प	प	मप	धप	म	रे	नि़	सा
चऽ	मऽ	च	म	बि	ज	लीऽ	ऽऽ	च	म	की	ऽ
		नि								मं	
म	प	सां	सां	सां	सां	सां	सां	सां	रें	नि	सां
सा	ऽ	ज	न	घ	र	अ	ज	हुँ	न	आ	ये
नि	सां	रें	मं	रें	सां	नि	सां	रें	नि	सां	–
जि	य	रा	ऽ	मो	रा	त	र	सा	ऽ	ये	ऽ
सां											
म	–	म	प	–	प	पनि	सांरें	सां	ध	प	म
का	ऽ	क	रू	ऽ	न	माऽ	ऽ	ने	ऽ	म	न
नि़	सां	ध	प	म	प	मप	धप	म	रे	नि़	सा
सु	ध	ऽ	न	र	ही	अऽ	बऽ	बा	ऽ	की	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

४-चन्द्रिका—त्रिताल (लक्षणगीत)

चंद्रिका आज गावो सखि,
कहत चतुर-गुणि भेद बिलावल।
बरज करत सब सुर गंधार को ॥धृ०॥
बिन धैवत कर रे आरोहन,
कर निषाद सुर बिन अवरोहन।
समझ वादि पंचम सुर नीको ॥

०				३				×				२			
नि	सां	ध	प	म	प	ध	म	प	–	–	–	मध	पभ	रेसा	निसा
चं	ऽ	द्रि	का	ऽ	आ	ऽ	ज	गा	ऽ	ऽ	ऽ	वोऽ	ऽऽ	सऽ	खिऽ
सा	नि॒	सा	रे	सा	ध॒	म॒	प॒	नि॒	–	सा	रे	सा	नि॒	सा	सा
क	ह	त	च	तु	र	गु	णि	भे	ऽ	द	बि	ला	ऽ	व	ल
रे	म	रे	म	प	ध	म	प	नि	सां	रें	सां	ध	प	म	प
ब	र	ज	क	र	त	स	ब	सु	र	गं	धा	ऽ	र	को	ऽ
म	प	सां	–	सां	सां	नि	सां	रें	मं	रें	सां	रें	नि	सां	सां
बि	न	धै	ऽ	व	त	क	र	रे	ऽ	आ	ऽ	रो	ऽ	ह	न
नि	सां	रें	सां	–	ध	म	प	नि	सां	ध	प	ध	म	प	प
क	र	नि	षा	ऽ	द	सु	र	बि	न	अ	व	रो	ऽ	ह	न
रे	म	रे	म	प	ध	म	प	नि	सां	रें	सां	ध	प	म	प
स	म	झ	वा	ऽ	दि	पं	ऽ	च	म	सु	र	नी	ऽ	को	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रसरञ्जनी—

(संस्कृत) शुद्धमेलसमुत्पन्ना गपहीनैवसम्मता ।
मध्यमः सम्मतो वादी निशिगेया रसरंजनी ।।

यह राग बिलावल ठाठ से उत्पन्न होता है। इसमें गांधार तथा पंचम वर्ज्य हैं। अर्थात् जाति औडव है। पूर्वाङ्ग में 'रेम' संगति से दुर्गा की छाया दिखाई देती है, किन्तु पंचम का अभाव तथा शुद्ध निषाद का प्रावल्य इस राग को दुर्गा से अलग रखता है। तार-षड्ज एक प्रमुख विश्रांति-स्थान है। वादी मध्यम, संवादी षड्ज, समय मध्यरात्रि।

मुख्याङ्गः—म ध नि सां ऽ, नि ध, म, रे, सा।

आरोहावरोहः—सा, रे, म, धऽऽ, निसां। सांऽनि, धऽम, धऽमरेऽसा।

स्वरविस्तारः—सा, निसा, धनिसा, मधनिसा, रेसा, मऽरेसा, मधनिसा, धनिसारेसा, निध, धनिसारेसाऽनिध, सा, निध, निध, मध-निसा। सा, रेसा, मऽरेसा, साम, निसाम, धनिसाम, मधनिसा, म, निसाम, धम, रेम, रेमधम, मधम, धम, रे, सा। निसा, निसारेमध, मध, मधनिध, मधमनिध, निध, मधनिसां, निध, मधनिसांरेंसांध, रेंसांनिध, सांनिध, निध, निधम, धऽमरेऽऽसा मधनिसा। मधनिसां, धनिसां, सां, रेंसां, मं, रेंसां, सांरेंसांनिध, मधनिसांनिध, सांऽनिधऽम, मनिम, धऽम, धऽमरे, सा, मधनिसा, रेसा, मधनिसांऽ।

३—रसरञ्जनी—त्रिताल

बलमा, न जावी घर सौतन के।
बार-बार तोरी बिनति करत हूं,
मानो मोरी नंद-जसुमति के ।।ध्रु०।।
रैन अँधेरी, चमके बिजुरी।
डरपावत जिया, छतिया धरके ।।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म

३	×	२	० ब
ध धनि सांरें सांनि	ध – म –	धनि सांनि ध म	रे रे सा –
ल माऽ ऽ नऽ	जा ऽ वो ऽ	घऽ रऽ सौ ऽ	त न के ऽ
ध़ – म़ ध़	नि़ सा सा सा	ध़ नि़ सा रे	म रेसा नि़ ध़
बा ऽ र बा	ऽ र तो री	बि न ति क	र तऽ हूँ ऽ
सा – सा म	– म ध म	धनि सांरें सांनि धनि	सांरें सांनि ध म
मा ऽ नो मो	ऽ रि नं द	जऽ सुऽ मऽ तिऽ	केऽ ऽऽ ऽ रै
ध मध निसां धनि	सां – सां सां	ध नि सां रें	सां नि ध –
ऽ नऽ ऽऽ अंऽ	धे ऽ री ऽ	च म के ऽ	बि जु री ऽ
नि सां मं रें	सां रें सां सां	धनि सांरें सांनि धनि	सांरें सांनि ध
ड र पा ऽ	व ति जि या	छुऽ तिऽ याऽ ऽऽ	धऽ रऽ के

भवानी–

(संस्कृत) भवानी रागिणी प्रोक्ता निशिगेया च मांशिका।
शुद्धमेल " समुत्पन्ना वर्जिता गपनिस्वरैः॥

(हिन्दी) जबहि बिलावल मेल में पंचम गनि नहिं लाग।
मस वादी समवादि तें कहत भवानी राग॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

"भवानी" चतुस्वरी जाति की रागिनी है। इसमें गांधार, पंचम तथा निषाद वर्ज्य हैं। अन्य स्वर शुद्ध। सा रे, म, ध इन चार ही स्वरों में यह राग गाया जाता है। स्वर-साम्य के कारण भवानी राग दुर्गा से बहुत कुछ मिलता जुलता है। मानों पंचम वर्ज्य दुर्गा ही है। किन्तु धैवत का प्राधान्य इस राग में कुछ और ही वैचित्र्य लाता है। पूज्य पटवर्धनजी कृत 'राग-विज्ञान' के पांचवें भाग में पृष्ठ २२ पर राग भवानी का निर्देश है। वादी मध्यम, संवादी षड्ज, समय मध्यरात्रि। राग का मुख्याङ्गः—सा, धऽऽ, मधसां, धऽम, रेऽऽ।

आरोहावरोहः—सा, रे, म, ध, सां। सां, धऽम, मधसां, धऽम, धऽम, रेऽऽसा।

स्वरविस्तारः—सा, रे, रे, रे, ध़, सा। सा, रे, रे, ध़सा रे, ध़सा-ध़रे, सारेमरे, सारे, मऽरे, मऽरे, मऽरे, ध़सा। ध़सारेम, सारेम, रेसाम, धम, रेसाधऽम, ध़सा, धऽम, रेमधऽम, मधऽम, रेमधऽध, साधऽम धऽम, रेमध, मरे, ध़सा। सा रेमध, मध, ऽसारेमध, धध, धसांध, रेंध, रेंध, धरेंध, धसांरेंसांध, सांऽधऽमऽरे, रे, रे, धसा। सारेमध, मध मधसां, धसां, धसांमंऽरेंसां, मंऽऽरें, मंऽऽरें, धसां, मधसांऽधऽम रेंऽधऽम, धऽम धऽमरे, सा, म़ध़, म़ध़सा।

१-भवानी—झपताल

नीके घुंगरिया सोहंत। चले चाल ठुमकंत।
मधुबन्सी धरे अधर। मृग नयन ब्रिजनाथ ॥ध्रु०॥
पट पीत कटि कसत। सिर सोहत मोर मुकुट।
रवि-कोट-सम वदन। रति-लाज लजवत ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×		२			०		३		
								सा ध	सा
								नी	के
ध	-	ध	धसांरेंसां	ध	म	रे	सा,	ध	सा
घूं	ऽ	गं	रीऽऽऽ	या	सो	ह	त,	च	ले
रे	-	सा	ध़सारेसा	सा	ध़	ध़	म़	म़	ध़
चा	ऽ	ल	ठुऽऽऽ	म	क	ऽ	त	म	धु
सा	-	सा	सा	सा	म	रे	म,	ध	म
बं	ऽ	सो	ध	रे	अ	ध	र	मृ	ग
ध	सां	रें	सां	ध	म	रे	सा	म	ध
न	य	न	ब्रि	ज	ना	ऽ	थ	प	ट
सां	-	सां	सां	सां	सां	ध	सां,	ध	सां
पी	ऽ	त	क	टि	क	स	त,	सि	र
रें	रें	सां	सां	रें	सां	ध	म	सां	सां
सो	ह	त	मो	र	मु	कु	ट	र	वि
मं	रें	सां	सां	सां	रें	ध	सां,	ध	सां
को	ऽ	टि	स	म	व	द	न,	र	ति
ध	-	म	ध	म	रे	-	सा	सा ध	सा
रा	ऽ	ज	ल	ज	व	ऽ	त	नी	के

२-भवानी—त्रिताल

झूम-झूम आये सखि री, बादल ।
बरसावत बरन-बरन के बूँद-बूँद,
अति श्यामल अरु सीतल ।।ध्रु०।।
चमक-चमक चमके सखि, बिजुरी,
डरपावे जिया, रैन अँधेरी ।
मंद-मंद लहरावत सुमधुर पवन सजल ।।

×	२	०	३
			ध सा
			झू म
म - - म	ध म धसां रेंसां	सां ध म म	रे सा ध सा
झू ऽ ऽ म	आ ऽ येऽ ऽऽ	स खि रि बा	द ल ब र
रे - सा सा	म म रे सा	रे रे सा -	रे म रे म
सा ऽ व त	ब र न ब	र न के ऽ	बूँ ऽ द बूँ
- म ध ध	धसां रेंसां ध म	धसां रेंसां ध म	रे सा
ऽ द अ ति	श्याऽ ऽऽ म ल	अऽ रुऽ सी ऽ	त ल
		ध म म म	ध ध सां ध
		च म क च	म क च म
सां - सां सां	म ध सां -,	सां सां ध -	सां - रें रें
के ऽ स खि	बि जु री ऽ,	ड र पा ऽ	वे ऽ जि या
सां रें सां सां	ध - म -,	मं - सां रें	- सां ध सां
रैं ऽ न अँ	धे ऽ री ऽ,	मं ऽ द मं	ऽ द ल ह

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

३—भवानी-एकताल (लक्षणगीत)

मधुर रागिनी भवानी,
मेल सोहत सुध स्वर में,
बरजत नित पञ्चम, गनि ।।ध्रु०।।
प्रथम करत स्वर वादी,
मध्य सोहत समवादी
समय रजनी मानत गुनी ।।

×		०		२		०		३		४	
सां	सां	ध	म	–	म	ध	म	रे	सा	ध़	सा
म	धु	र	रा	ऽ	गि	नी	ऽ	भ	वा	ऽ	नि
			ध								
ध़	सा	ध	म	म	म	म	म	म	ध	म	–
मे	ऽ	ल	सो	ह	त	सु	ध	स्व	र	में	ऽ
म	म	ध	ध	सां	सां	धसां	रेंसां	ध	म	रे	सा
व	र	ज	त	नि	त	पंऽ	ऽऽ	च	म	ग	नि
म	म	म	ध	ध	ध	सां	ध	सां	ध	सां	–
प्र	थ	म	क	र	त	स्व	र	वा	ऽ	दी	ऽ
सां	ध	सां	सां	रें	रें	सां	रें	सां	ध	म	–
म	ऽ	ध्य	सो	हं	त	स	म	वा	ऽ	दी	ऽ
मं	सां	रें	सां	ध	सां	सां	ध	म	रेसा	ध़	सा
स	म	य	र	ज	नि	मा	ऽ	न	तऽ	गु	नि

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नागस्वरावली

(संस्कृत) कांभोजी मेलके चापि जाता नागस्वरावली ।
आरोहेऽप्यवरोहे च निरिवर्ज्यं तथौडवम् ॥
षड्जांशा मध्यमांशा च गीतासौ लक्ष्यपंडितैः ।
गानं तस्याः समादिष्टम् रात्र्यां यामे द्वितीयके ॥

(अभिनवरागमंजर्याम्)

(मराठी) नागस्वरि नित घेई शुद्ध स्वर; निखद ऋषभ वर्ज्य करी ।
मस संवादन शोभत, रजनीच्या शोभली दुजा प्रहरीं ॥

'नागस्वरावली' 'नागस्वरी' अथवा 'नागेश्वरी' खमाज मेलोत्पन्न दाक्षिणात्य राग है। इसमें सभी स्वर शुद्ध हैं। ऋषभ, निषाद सम्पूर्णत्वेन वर्ज्य हैं। अर्थात् जाति औडव। वादी मध्यम, संवादी षडज। आरोह में पंचम दुर्बल है। अवरोह में पग मींड़ भटियार का भास उत्पन्न करती है। यह राग मांड राग से बहुत कुछ मिलता है। किन्तु मांड से बहुत ही गम्भीर तथा रंजक है। समय मध्यरात्रि।

मुख्यांगः—मधसांऽ धपमऽ पगऽ मगऽसा ।

आरोहावरोहः—साग, मप, धसां । सांऽधपम, पग, मगऽसा, धसा, गसाऽमगऽपमऽऽ ।

स्वरविस्तारः—सा, गऽऽसा, धसा, गऽऽसामगऽऽसा । धसाग, साध, साग, मग, साध, गम, सागम, धसा, म, पऽगऽ, पग, मग, पऽग, मगऽसा, धसाग, गम, साध, सागऽम, धसाम, साम, पमऽऽ, धपमऽ

मपधपमऽमधपमऽ, धपम, पऽगऽमगऽसा, गसाऽमगऽपमऽऽ, सागमध, गमध, गममध, धपम, पगम, सा, गमध, मप, धसां, मधसांऽ, गंऽसां, पगंऽमंगंऽसांऽ, सांऽधपम, मधसांधपम, धपमऽपम; पगऽऽ, मगऽऽसा, धसा, ऽगसाऽमगऽपमऽऽ ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

१—नागस्वरी—त्रिताल

एरी अब गुंद लावो री,
मालनियाँ ये रितु आई री।
फूलन की फूली फुलवारी ॥
बरन बरन की कलियाँ ।
खिलियाँ बेलरियाँ प्यारी प्यारी ॥

०				३				×				२			
गम	पध	सां	धप	मग	सा	ग	प	म	–	–	–	ग	–	सा	–
एऽ	ऽऽ	ऽ	रीऽ	अऽ	ब	गुं	द	ला	ऽ	ऽ	ऽ	वो	ऽ	री	ऽ
ध़	सा	म	म	प	ग	म	–	म	ध	ध	सां	ध	प	म	–
मा	ऽ	ल	नि	याँ	ऽ	ये	ऽ	रि	तु	आ	ऽ	ई	ऽ	री	ऽ
म	ध	सां	ध	सां	–	सां	–	ध	–	ध	सां	धसां	धप	मग	सा
फू	ऽ	ल	ऩ	की	ऽ	फू	ऽ	लो	ऽ	फु	ल	वाऽ	ऽऽ	रीऽ	ऽ
म	म	म	म	ध	ध	सां	ध	सां	सां	सां	–	सां	ध	सां	–
ब	र	न	ब	र	न	की	ऽ	क	लि	याँ	ऽ	खि	लि	याँ	ऽ
ध	सां	गं	मं	गं	–	सां	–	ध	–	ध	सां	धसां	धप	मग	सा
बे	ऽ	ल	रि	याँ	ऽ	प्या	ऽ	री	ऽ	प्या	ऽ	रीऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ

२—नागस्वरी–झपताल

नागस्वराली, गाओ सखी री,
हरिकांभुजी मेल स्वर साध अ-नि-री ॥ध्रु०॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सुर मध्य कर वादि,
सम्वादी कर आदि ।
सोहत मध रजनी,
बड़ भागिनी री ॥

×		२			०		३		
ध़	सा	म	–	म	प	ग	म	–	म
ना	ऽ	ग	ऽ	स्व	रा	ऽ	ली	ऽ	ऽ
म	ध	ध	–	सां	धसां	धप	गप मग		सा
गा	ऽ	ओ	ऽ	स	खीऽ	ऽऽ	ऽऽ ऽऽ		री
ग	म	ध	–	म	सां	–	सां	–	सां
ह	रि	काँ	ऽ	भु	जी	ऽ	मे	ऽ	ल
ध	ध̇	ध	–	सां	धसां	धप	म	ग	सा
स्व	र	सा	ऽ	ध	अऽ	निऽ	री	ऽ	ऽ
म	म	ध	–	म	ध	ध	सां	–	सां
सु	र	म	ऽ	ध्य	क	र	वा	ऽ	दि
ध	सां	गं	–	सां	ध	सां	ध	सां	सां
स	म	वा	ऽ	दि	क	र	आ	ऽ	दि
ध	सां	गं	–	सां	गं	मं	मं	गं	सां
सो	ऽ	ह	ऽ	त	म	ध	र	ज	नि

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	ध	ध	-	सां	धसां	धप	गप	मग	सा
ब	ड़	भा	ऽ	गि	नीऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	री

रेवा—

(संस्कृत) पूर्वी-मेल-समुत्पन्ना ख्याता रेवा गुणिप्रिया ।
आरोहे चावरोहेऽपि मनिहीनैव संमता ॥

(श्रीमल्लक्ष्य संगीते)

(हिन्दी) कोमल धैवत रिखब हैं मध्यम निखद न लाइ ।
गध वादी समवादितें रेवा राग कहाइ ॥

'रेवा' 'रेवगुप्ति अथवा रेवागुप्ति' एक अप्रसिद्ध किन्तु अत्यन्त रंजक राग है। यह पूर्वी ठाठ से उत्पन्न हुआ है। इसमें मध्यम और निषाद बिल्कुल वर्ज्य हैं। जाति औडव। यह राग पूर्वाङ्ग प्रबल होने से विभास से बिल्कुल अलग है। रेग, सारे, ग, पग, पधग, गध, रेग, परे, ग, रेसा, रेपगऽऽ इस प्रकार पुनः पुनः शुद्ध गांधार पर न्यास करने से सायंगेयत्व स्पष्ट होता है और इसी में रेवा का वैशिष्ट्य है। धैवत पर अधिक नहीं ठहरना चाहिये अन्यथा विभास की छाया रेवा को बिगाड़ देगी। वादी गांधार, संवादी धैवत, समय शाम का। राग का मुख्य अंगः—पग, पधपग, रेग, रेसा, गरेगऽ।

आरोहावरोहः—सा रे, ग, प, ध, सां। सां, ध, प, ग, पगरेसाऽ गरेगऽऽ।

स्वरविस्तारः—सा, ^ग^रे, ^ग^रे, सा, धसा, ^ग^रे, ^ग^रे, सा। ^ग^रे, ^ग^रेसा, रेग, सा^रे गऽऽ, रेगरेगऽऽ, रेसारेग, धग, रेग, सारेग, पग, पगरेसाऽ।

सारेगरेग, पगं, रेग, रेपगऽ, सारेपगऽ, धसारेग, पग, परेगऽसाग, साग-

रे रे रे

रेपरेगऽ, पग, पगरेसा, सारेग ऽ, ग, ऽ, ग ऽ, गरेसा, रेगऽ। सारेगप, रेग-

सा

पऽ, रेगरेप, रेरेसा, रेसाऽगरेऽपऽ, धऽसारेगपऽ, पऽऽधसारेगऽपऽ,रेगपऽ, गपऽ, गपधपऽ, गपधपगऽ, धऽगपग, पधपग, पधगऽ, धऽरे पगऽधगपग, पग, पगरेसा, सारेगरेसाऽ रेगरेगऽ । सारेगपधगपधऽ, साऽऽरेगपधऽ, धऽ सारेगपधऽ, पगधऽसारेगपध, गपधऽ, पधऽ, पगपधपसांऽऽ, गपधप

सांऽऽऽ । सांरेंगं ऽऽरेंऽधऽधसांऽऽ, रेंगं, सांरेंगंऽ सांरेंसांगंऽ गंगं, ऽ रेसाऽग रेऽपगऽधपऽरेंसांऽगं ऽऽ सारे गरेसा, रेगपगरे, गपधपग,पधसांधप,धसां-

रेंसांरें, सांरेंगंरेंगंऽ, पंगं, पग, पंगंरेंसांऽऽ । सांरेंगंपं, रेंगंपं, गंपं, गप,

गप, गप, गंपं, पंगं, पंगंरेंसां, धसां, रेंगंरेंसां, गंरेंसां, रेंसां, धसांऽधपगऽ

धरेंऽसांधपगऽगंरेंसांधपग, पधगऽ धगऽ, पगऽ, धऽरेपगऽ परेगऽ रेगपग, पगरेसा, पगरेसाऽपऽऽऽ ।

१—रेवा—झपताल

चिरियाँ चुहुँ चुहत, परि साँझ अजहूँ न घर आये मेरे मोहन ।।धृ०।।
घर बछरू वन गैया, बाट तकत जसुमैया ।
ग्वालन सों पूछत, कहाँ गयो मेरो लाल ?

×		२			०		३		
ग	रे	ग	–	प	ग	–	पग	रे	सा
चि	रि	याँ	ऽ	चु	हूँ	ऽ	चुऽ	ह	त
सा	रे	ग	रे	ग	ग	प	ग	रे	ग
प	रि	सां	ऽ	झ	अ	ज	हूं	ऽ	ना
ग	प	ध	प	ग	ग	प	ग	रे	सा
घ	र	आ	ऽ	ये	मे	रे	मो	ह	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	ग	प	ध़	पध़	सां	रें़	गं	रें़	सां		
घ	र	ब	छ	रूँऽ	ब	न	गैं	ऽ	या		

सां	रें़	गं	रें़	गं	गं	रें़	सां	रें़	सां
बा	ट	त	क	त	ज	सु	मैं	ऽ	या
सां	–	ध़	प	प	ध़	प	ग	रे़	ग
ग्वा	ऽ	ल	न	सों	पू	ऽ	छ	ऽ	त
पध़	सांध़	प	रे़	ग	ध़	प	ग	रे़	सा
कऽ	हाँऽ	ग	यो	ऽ	मे	रो	ला	ऽ	ल

२–रेवा–त्रिताल

कहो सखी पाऊँ कैसे पिया के दरस,
मोहे परत कल न घरि पल छिन-छिन ॥धृ०॥
इक तो डर मोहे सास–ननद को,
दूजे भइलवा बैरिन रात ॥

														रे़	ग
×।				२				०				३		क	हो
रे़	ग	–	प	ग	रे़	सा	रे़	ग	प	ग	रे़	ग	ग	सा	रे़
स	खी	ऽ	पा	ऽ	ऊँ	कै	से	पि	या	के	द	र	स	मो	हे
ग	रे़	ग	ग	प	प	ध़	प	ध़	सां	ध़	प	ग	रे़	रे़	ग
प	र	त	क	ल	न	घ	रि	प	ल	छि	न	छि	न	क	हो

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	प	ग	ग	प	प	ध	पध	सां	–	सां	रें	गं	रें	सां	–,
इ	क	तो	ऽ	ड	र	मो	हेऽ	सा	ऽ	स	न	न	द	को	ऽ,

सां	–	रें	गं	रें	रें	सां	सां	सां	ध	प	ग	रे	सा
दू	ऽ	जे	भ	इ	ल	वा	ऽ	बै	रि	न	रा	ऽ	त

३—रेवा-त्रिताल-तराना

तनु तनन देरे दीं तन देरेना,
ना दिर दिर दीं तनन दीं तन देरेना ॥ध्रु०॥
दिर दिर तान्न तन तदियारे ताद्रे दानि,
दीं तो दीं तो तदारे देरेना ॥

०				३				×				२			
प	ग	–	प	ग	रे	सा	रे	ग	–	ग	प	ग	रे	ग	–
त	नु	ऽ	त	न	न	दे	रे	दीं	ऽ	त	न	दे	रे	ना	ऽ
प	प	ध	सां	सां	ध	प	प	प	–	ग	प	ग	रे	ग	–
ना	दिर	दिर	दीं	ऽ	त	न	न	दीं	ऽ	त	न	दे	रे	ना	ऽ
ग	प	ग	प	–	प	ध	प	सां	सां	सां	रें	गं	रें	सां	सां
दिर	दिर	दिर	ता	ऽ	न्न	त	न	त	दि	या	रे	ता	द्रे	दा	नि
सां	रें	गं	रें	सां	ध	प	–	प	ग	–	प	ग	रे	ग	–
दीं	ऽ	तीं	ऽ	दीं	ऽ	तों	ऽ	त	दा	ऽ	रे	दे	रे	ना	ऽ

४—रेवा-लक्षणगीत-एकताल

मधुर राग रेवा अति, पूरवी को मेल करत ।
औडव यह म नि वरजत, सांझ समय मन भावत ॥ध्रु०॥
वादी गान्धार करत, धैवत संवादि सोहत ।
सांऽ धप गऽ गप गरेगऽ, रुचिर, मान पग संगत ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

०		३		४		×		०		२	
ग	प	ग	रे॒	सा	रे॒	ग	–	प	रे॒	ग	ग
म	धु	र	रा	ऽ	ग	रे	ऽ	वा	ऽ	अ	ति
प	–	प	ध॒	प	–	ग	–	प	ग	रे॒	सा
पू	ऽ	र	वी	को	ऽ	मे	ऽ	ल	क	र	त
सा	रे॒	ग	रे॒	ग	ग	प	प	ग	प	रे॒	ग
औ	ऽ	ड	व	य	हृ	म	नि	ब	र	ज	त
प	प	सां	ध॒	प	प	ग	प	ग	रे॒	सा	सा
सां	ऽ	झ	स	म	य	म	न	भा	ऽ	व	त
ग	–	ग	–	प	ध॒	सां	–	सां	रें॒	गंरें॒	सां
वा	ऽ	दी	ऽ	गं	ऽ	धा	ऽ	र	क	रऽ	त
सां	रें॒	गं	रें॒	सां	सां	गं	पं	गं	रें॒	सां	सां
धै	ऽ	व	त	स	म	वा	ऽ	दि	सो	ह	त
सां	–	ध	प	ग	–	ग	प	ग	रे॒	ग	–
सां	ऽ	ध	प	ग	ऽ	ग	प	ग	रे	ग	ऽ
ग	प	ग	रे॒	सा	रे॒	प	ग	रे॒	ग॒	रे॒	सा
रु	चि	र	गा	ऽ	न	प	ग	सं	ऽ	ग	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

गौरांजनी–

(संस्कृत) पूर्वी मेल समुत्पन्ना ज्ञेया गौरांजनी प्रिया ।
अरिधा रोहणे पांशा सायंगेया च या बुधैः ।।

(हिन्दी) पूर्वी के आरोह में जब रिध सुर बरजोइ ।
पस वादी संवादितें गौरांजनी संजोइ ।।

(मराठी) गौरांजनि नित शोभे पूर्वी थाटांत, रोहणीं अ-रि-धा ।
पंचम षड्ज सुवादति, शास्त्रनिहित शोभला समय संध्या ।।

यह मधुर राग पूर्वी ठाठ से उत्पन्न हुआ है । यह संपूर्णतः मुलतानी ढंग से गाया जाता है, यही इसकी विशेषता है । इसमें ऋषभ, धैवत कोमल तथा मध्यम तीव्र है । आरोह में ऋषभ, धैवत बिलकुल वर्ज्य, अवरोह सम्पूर्ण है । जाति औडव–सम्पूर्ण । आरोह में, 'नि़सामंग ऽ;' नि़साऽमंगऽपमंऽधुप;' 'मंपगमंपनि ऽऽ' और अवरोह में सांनिधुप ऽ मंग, मंग, मंग, रे़सा; इन स्वरसङ्गतियों से मुलतानी का ही भास होता है । किन्तु मुलतानी का गांधार कोमल और गौरांजनी का गांधार शुद्ध है, यह तथ्य हमें भूलना नहीं चाहिये । अवरोह में पग सङ्गति के बजाय गऽमंग, ग मंग इन स्वरों की गौरांजनी में बारबार 'आवृत्ति' होती है । 'पूरिया–धनाश्री' तथा 'बसंत' से यह राग बिलकुल अलग है । पूरियाधनाश्री की 'मंरे़ग,' नि़रे़सा,' नि़धुनि़ और बसंत की 'मंधुरें़सां;' मंधुमंग, साम ऽऽ आदि रागनिर्देशक स्वरसंगति इस राग में बिलकुल नहीं । कोई गायक 'जेतश्री' राग की 'रें़निधुप' और 'मंधुमंग' इन स्वरसंगतियों को गौरांजनी में भी दिखाते हैं, तथापि वादी-संवादी भेद तथा 'सागपऽ' इस सङ्गति का अभाव तथा अन्तरे का मंपगमंपनि इस तरह से मुलतानी ढंग का उठाव गौरांजनी को जेतश्री से अलग रखता है । वादी पंचम, संवादी षड्ज, समय शाम का ।

मुख्याङ्ग—नि़सा, मंग, पमं, धुप, मंगं, मंगरे़ सा ।

आरोहावरोहः—नि़सा, मंग, मं, पनिऽऽसां । सां, नि,धुप, मंगऽ मंगऽ, मंगरे़सा, नि़सामंगऽ ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्वरविस्तारः—नि़सा, (सा) नि़, प़नि़, प़नि़प़नि़, ग़म॑प़नि़, म॑प़ग़म॑-प़नि़, प़नि़ऽऽसा। नि़सारे॒सानि़, म॑गरे॒सानि़, गरे॒सानि़, नि़ध॒ऽप़ऽ, ग़म॑प़-नि़ऽ, म॑प़ग़म॑प़नि़, प़नि़ऽऽसा। नि़साग, नि़साम॑ग, प़नि़साम॑ग, गम॑पऽ गम॑ऽग, पगम॑ऽग, गम॑पऽगम॑ग, म॑पगम॑ऽग, म॑ग, म॑गरे॒सा। नि़सागम॑पऽ,

नि़ऽऽ सागम॑प, प़, प़नि़सागम॑प, गम॑प, म॑प, म॑पध॒पऽ, गसाम॑गऽपम॑ध॒प; निध॒प, गम॑पनिऽ ध॒प, गम॑पनिसांनिध॒प, म॑गम॑ग, म॑गरे॒सा। नि़सागम॑-पनि, ध॒पम॑ग रे॒सानि़, सागम॑पनिऽ, म॑गपम॑ध॒पनि, म॑पगम॑पनि, गम॑पनि,

म॑पनि, पनिऽपनि ऽ गम॑पनिऽऽसांऽऽ। निसांम॑ंगंरे॒ंसां, निसांगंम॑ंपंऽ, गंम॑ंऽगं, म॑ंगंरे॒ंसां सां, नि, ध॒ऽप, गम॑पनिसांनिध॒प, गम॑पसांनिध॒प, म॑प ध॒प, गम॑ऽऽग, म॑गरे॒सा। नि़साम॑गपऽऽ॥

१—गौरांजनी—ख्याल—तिलवाड़ा

कैसी बजावे, आज कान्ह मधु रागिनी ॥ध्रु०॥
नहीं री बसंत, पूरवी नहीं,
नहीं री परज, धनासरी मुलतानी ॥

३				×			
*	*	---सा	गसागम॑पगम॑	प	--	गम॑प-	--
*	*	ऽऽऽकै	ऽसीऽऽऽबऽ	जाऽ	ऽऽ	वेऽऽऽ	ऽऽ

२				०			
